CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:35 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:18 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 122 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 2 नवंबर 2024

गिरनी शुरू हो गई सिंघम अगेन की...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### पटाखे छोड़ने के दौरान हुई मारपीट, कई लोगों के चोटें आई

रुद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र कृष्णा कालोनी में पटाखे छोड़ने के दौरान दो पक्षों में मारपीट हो गई। वहां पर भगदड़ सी मच गई। सुधीर कुमार पुत्र स्व. राजेन्द्र प्रसाद निवासी कृष्णा कालोनी वार्ड 2 ट्राजिट कैम्प ने पुलिस को बताया कि 31 अक्टूबर की रात घर के बच्चे गेट के सामने रोड पर पटाखे जला रहे थे। आरोप है कि पडोसी भोला रस्तोगी, विपिन रस्तोगी उनसे गली गलौच करते हुए पटाखे जलाने को मना करने लगे। जब उनसे ऐसा करने को मना किया तो भोला रस्तोगी, विपिन स्स्तोगी, सुशील रस्तोगी, विक्की रस्तोगी आदि डंडा, सरिया से मारपीट करने लगे। उसके भाई विनोद को मारने के लिए घर घुस गए और परिजनों से मारपीट की। मारपीट में उसके व उसके भाई के सिर में गम्भीर चोट आई है। बताया कि शोर शराबा सुन कर लोग एकत्रित होने लगे। तभी वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

### सुबह-शाम हो रहा हल्की ठंड का एहसास

देहरादून। आज के तापमान की बात करें तो दून का अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम 16 डिग्री रहने के आसार हैं। जबकि, सुबह के समय धुंध छाए रहने की संभावना है। उत्तराखंड में नवंबर के पहले सप्ताह में मौसम शुष्क रहेगा।

पर्वतीय इलाकों में दिन के समय ठंडी हवा चलने से ठंड का एहसास हो सकता है। मैदानी क्षेत्रों में चटक धूप खिलने से मौसम सुहाना रहेगा। हालांकि, प्रदेशभर में सुबह-शाम तापमान में गिरावट होने से ठंड महसूस होगी। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश में पांच नवंबर तक प्रदेश के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। वहीं, दून के शुक्रवार के तापमान की बात करें तो दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 30 और न्यूनतम तीन डिग्री के इजाफे के साथ 16.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

# हर्षोल्लास से मनाई गई सरोवर नगरी में दीपावली

नैनीताल
हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी में दीपों का पर्व दीपावली हर्षोल्लास से मनाई गई। जमकर आतिशबाजी हुई, जबकि घरों में विधिवत महालक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई।

शुक्रवार शाम महालक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई। खिल खिलौने व बताशों के साथ महालक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई। इस बीच हर घर सजे हुए थे और विद्युत मालाओं से जगमगा रहे थे। इसके पटाखों का दौर चला, जो देर रात तक जारी रहा। लोगों ने जमकर पटाखे जलाए। आसमान में रॉकेट पटाखे खूब नजर आए। साथ ही दीवाली की शुभकामनाएं देने का दौर पूरे दिन चला। इससे पूर्व दिन में लोगों ने जमकर खरीदारी की। दीवाली की दुकानों में पूरे दिन भीड़ लगी रही और कारोबारियों की खूब आयी। पटाखों की दुकानों में भी खूब भीड़ रही। मिठाइयों की दुकानों में खूब खरीदारी हुई। दीवाली पर्व को लेकर लोगों में खूब उत्साह देखा गया। बतादें कि मैदानी क्षेत्रों में गुरुवार को दीवाली मनाई गई, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में एक दिन बाद आज मनाई गई।

## विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुई महालक्ष्मी की पूजा



### धुंधला नजर आया आसमान

सरोवर नगरी में शुक्रवार को वातावरण धुंधला नजर आया। मैदानी भागों में गत रात्रि जलाए गए पटाखों वायु प्रदूषण आसमसन में नजर आया।

-फोटो: अफजल फौजी, नैनीताल

## जय गंगे...हर-हर गंगे के जयकारों से गूंजा धाम

# शीतकाल के लिए बंद हुए गंगोत्री धाम के कपाट

उत्तरकाशी/देहरादून
हमारे संवाददाता

शुक्रवार को दीपोत्सव के साथ गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। आज शीतकाल के लिए कपाट बंद कर दिए गए हैं। वहीं कल रविवार को केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होंगे।

चारधामों में प्रमुख गंगोत्री धाम के कपाट आज शनिवार को अन्नकूट पर्व पर शीतकाल के लिए दोपहर 12.14 बजे बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने के बाद मां गंगा के दर्शन उनके शीतकालीन पड़ाव मुखबा स्थित गंगा मंदिर में होंगे। वहीं, यमुनोत्री धाम के कपाट रविवार को भैयादूज पर्व पर दोपहर 12.05 बजे पर बंद होंगे।

गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने के मौके पर धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। हर-हर गंगे..जय मां गंगे के जयकारों से इस दौरान धाम गूंज उठा। श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि शुक्रवार को दीपोत्सव के साथ मां भगवती गंगा के गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। बताया कि कपाट बंद होने के बाद मां गंगा की उत्सव मूर्ति को डोली यात्रा के साथ शीतकालीन पड़ाव मुखबा लाया जाएगा। उधर, यमुनोत्री धाम में भी कपाट बंदी की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कल रविवार को यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होने के बाद मां यमुना की उत्सव मूर्ति खरसाली गांव के लिए रवाना होगी।

जहां स्थित मां यमुना मंदिर में शीतकाल के दौरान श्रद्धालु मां यमुना के दर्शन व पूजा अर्चना कर सकेंगे। दोनों धामों के साथ शीतकालीन पड़ावों को फूलों से सजाया संवारा गया है। इधर, यात्राकाल में दोनों धामों में शुक्रवार शाम तक 15 लाख 21 हजार 752 तीर्थयात्री पहुंचे, जिसमें यमुनोत्री धाम में 7.10 लाख और गंगोत्री धाम आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 8.11 लाख है। केदारनाथ धाम के कपाट भी कल रविवार को शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे।



# खटीमा पहुंचे धामी छोलिया नृत्य से किया भव्य स्वागत

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

**दीपोत्सव**
- सीएम ने जनता संवाद कर सुनी समस्याएं

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोहिया हेड कैंप कार्यालय पहुंचने पर जनता से संवाद कर जनसमस्याओं को सुना। शुक्रवार को सीएम धामी खटीमा कैम्प कार्यालय लोहिया हेड खटीमा पहुँचे। सीएम धामी के खटीमा पहुँचने पर छोलिया दल के उत्तराखंड के पारम्परिक छोलिया नृत्य के साथ भव्य स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने लोहिया हेड पहुँचकर क्षेत्र की जनता से मुलाकात कर सभी को दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज की बधाई व शुभकामनाएं दीं। बाद में जनता से संवाद किया व जनसमस्याएं सुनी। सीएम ने सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्र की जनता ने मुख्यमंत्री का फूल मालाओं से जोरदार किया गया व महिला स्वयं साहयता समूह ने स्वनिर्मित दीये भेंट किये इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री अनिल कपूर डब्बू, राजपाल सिंह, रमेश चंद्र जोशी, निवर्तमान मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, सांसद प्रतिनिधि दीपक तिवारी, ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी, जिला महामंत्री सतीश गोयल, डीएम उदय राज सिंह,एसएसपी मणिकांत मिश्रा, सीडीओ मनीष कुमार, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, निदेशक मंडी आरडी पालीवाल, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, एएसपी मनोज कत्याल, एडीएम पंकज उपाध्याय दान सिंह राणा, कामिल खान, राजेश राणा, ईश्वर बंसल, सहित अन्य अधिकारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।.....

...संबंधित खबर पेज 3 पर



# किच्छा रोड पर स्कूटी और बाइक की भिड़ंत, बाइक सवार युवक की मौत

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

किच्छा हाइवे पर स्कूटी और बाईक की भिड़ंत हो गई। इसमें बाईक सवार युवक की मृत्यु हो गई। जबकि दूसरा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया।

पुलिस के मुताबिक किच्छा रोड डायनेमिक गार्डन सिटी निवासी जयराम परिवार के साथ रहते है। उनका 28 वर्षीय पुत्र नरेंद्र कुमार घर में ही जनरल स्टोर चलाता है। शुक्रवार रात नरेंद्र कुमार बाईक से रुद्रपुर से घर की ओर आ रहा था। इस दौरान कालोनी के पास पहुंचकर कालोनी की ओर रहा था तो किच्छा की ओर से आ रही स्कूटी बाईक से भिड़ गई। बाईक सवार नरेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिवार के लोग भी पहुंच गए। आनन फानन में दोनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान नरेंद्र की मृत्यु हो गई। सूचना पर एसआइ मोहन चंद्र जोशी पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। शनिवार की सुबह शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। नरेंद्र की मृत्यु से उसकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका परिवार का एकलौता पुत्र था और उसकी एक साल की बेटी भी है। पुलिस ने बताया कि स्कूटी सवार युवक भी घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# दीपावली की रात तीन जगहों पर धधकी आग, मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

दीपावली की रात शहर में अलग अलग तीन जगहों पर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

हालांकि आग से किसी भी तरह की जनहानि की खबर नहीं है। बताया जा रहा है कि दीपावली की रात करीब 22~43 बजे दमकल विभाग को सूचना मिली कि इंदिरा कॉलोनी गली नंबर 3 के पास एक घर में आग लगी है। सूचना मिलने पर फायर यूनिट बिना देरी से घटना स्थल पहुंची तो घर की छत में रखा कबाड़ में आग पर लगी थी। दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले लोगों ने आग बुझा ली। इसके अलावा रात को ही करीब 11 बजे आदर्श कॉलोनी चौकी के पास आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग दुकान के बाहर लकड़ी के टेबल पर लगी थी। देर रात श्याम टॉकीज, मनोकामना मंदिर के पास दो दुकानों में आग लगने की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग दो दुकानों में लगी थी। दमकल विभाग के मुताबिक आग वीरेंद्र पुत्र बांकेलाल की हेयर कटिंग सैलून में लगी। आग से दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। जबकि दूसरी दुकान शिव पुत्र सोनपाल का रेस्टोरेंट की थी। आग से दुकान का सामान जल कर राख हो उ। दुकान में फ्रिज, किचन का सामान, राशन रखा था।



# सरोवर नगरी में खूब रौनक रही दिवाली पर

नैनीताल
हमारे संवाददाता






नैनीताल। सरोवर नगरी में दिवाली के शुभ अवसर पर बाज़ार में कारोबारियों के चेहरों पर चमक रही। नगर में लंबे वीकेंड के चलते अधिकांश होटल 80प्रतिशत के लगभग ऑनलाइन बुक हो चुके हैं। जिससे पर्यटन कारोबारी खुश नजर आ रहे हैं, पर्यटन नगरी पर्यटकों के आगमन से गुलजार हुआ। सरोवर नगरी एक बार फिर पर्यटकों के आगमन पर बाज़ार गुलजार रहें। त्योहारी वीकेंड के दौरान नैनीताल में पर्यटकों की भीड़ रही।

इसके साथ ही मिठाईयों, सजावटी सामान, दीयों, कपड़ों, बर्तनों, गिफ्ट पैक और पटाखों की दुकानों पर भी भीड़ लगी रही। रंग बिरंगी लाइटों से जगमगया शहर। शहर में रहने वाले समेत बाहर से आने वाले लोगों ने दिवाली पर घर लौटने से पहले बाजारों में जमकर खरीदारी की है। बाजार में ड्राई फ्रूट्स के गिफ्ट पैक की भी काफी मांग रही। सजावटी सामान, दीयों, बर्तनों और कपड़ों की दुकानों पर भी देर शाम तक खरीदारी का दौर चला। बता दें कि दिवाली कुछ लोगों द्वारा गुरुवार को मनाई गई लेकिन उत्तराखंड में आज शुक्रवार को भी हर्षोल्लास के साथ दिवाली मनाई गई।







## नौकायन को लगा तांता

नैनीताल। शहरों से तथा दिल्ली एनसीआर समेत उत्तर प्रदेश के महानगरों में छाया वायु प्रदूषण सिलनियों को नैनीताल खींच लाया है। जिस कारण नगर के अधिकांश होटल पैक हो चले हैं और पर्यटन स्थल गुलजार हो चले हैं।

चार नवम्बर तक नगर में भारी संख्या में सैलानियों के पहुचने की उम्मीद है। दीवाली में पटाखों के धुएं से वायु प्रदूषण का उठना विगत कुछ वर्षों से जारी है। वायु प्रदूषण से बचने के लिए लोग पर्वतीय क्षेत्रों की ओर रवाना हो जाते हैं। यह प्रचलन पिछले करीब पांच सालों से चला आ रहा है। शुक्रवार को सुबह से ही सैलानियों का पहुचना शुरू हो गया था, जो देर रात तक जारी रहा। नगर की सभी पार्किंग शामको पैक हो गयी और सैलानी वाहन पार्क करने के लिए जगह तलाश करते रहे और सड़कों में जाम की स्थिति बनती रही। यातायात दुरुस्त करने के लिए पुलिस को काफी मसक्कत करनी पड़ी।

इस बीच पर्यटन स्थलों में जबरदस्त चहल पहल रही। नैनीझील में नौकायन करने वाले सैलानियों तांता लगा रहा। स्नोव्यू, राजभवन, चिड़ियाघर, हिमालय दर्शन व केव गार्डन में बड़ी रौनक रही। इधर नगर के समीपवर्ती पर्यटन स्थल खुर्पाताल, सरिताताल , पंगोठ व कैंची धाम में भी सैलानियों के आमद बढ़ चली है। वरिष्ठ होटल कारोबारी देवेन्द्र लाल के अनुसार अगले चार दिन सैलानियों की आमद बड़ी संख्या में बनी रहेगी। यदि मैदानी भागों में प्रदूषण जारी रहेगा तो सिलानियों का पहुचना जारी रहेगा।



## NEWS / फटाफट

### मांग को लेकर 119वें दिन भी पौधारोपण आंदोलन



**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण की मांग को लेकर पर्यावरण संरक्षण के तहत चलाया जा रहा पौधारोपण आंदोलन गुरुवार को 119वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि दीपावली पर्व पर भी उनके नेतृत्व में नियमितीकरण की मांग को लेकर पर्यावरण संरक्षण के तहत चलाया जा रहा पौधारोपण आंदोलन के तहत गुरुवार को गुरना देवी मंदिर परिसर व मसान बाबा मंदिर परिसर में पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर पदम सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रियांशु तथा मयंक रावल सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सामाजिक कार्यकर्ता नजर अली के निधन दुख जताया

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविधालय शिक्षक संघ कूटा ने नैनीताल के सामाजिक कार्यकर्ता नजर अली के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। नजर अली समाज के विभिन्न कार्यों में सक्रिय रहते थे अस्पताल नगरपालिका सहित फाइव ए सुंदर हॉकी में भी वो सक्रिय रहते रहे । उनका निधन दुख पूर्ण है कूटा की तरफ से अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी , महासचिव ,डॉक्टर विजय कुमार , ने दुख व्यक्त करते हुए नमन किया है ।

### किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटकी मिली

**रुद्रपुर।** थाना पुलभट्टा के ग्राम सिरौली कला में एक किशोरी अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकी पाई गई। परिजनें ने उसे ऐसी हालत में देखा तो शोर मचाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। शुक्रवार की रात थाना पुलभट्टा पुलिस को सूचना मिली कि सिरौली कला वार्ड 18 में एक 17 वर्षीय किशोरी अलीना घर में ही पंखे के कुंडे में लटकी है। सूचना मृतका के भाई ने दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजनों ने नीचे उतार लिया। बताया जाता है तब तक उसकी मौत हो चुकी थीं। सूचना पर थाने से महिला एसआई रिनी चौहान व महिला कांस्टेबल ममता मौके पर पहुंचे और उन्होंने परिजनों से आवश्यक जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। शनिवार को पुलिस ने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस का कहना है कि पुलिस जांच कर रही है। अभी किशोरी की मौत का मामले में पुलिस को सुराग नहीं मिले।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

## गोवर्धन पूजा पर्व पर पशु चिकित्सा से जुड़ी समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

पशुधन और प्रकृति को समर्पित गोवर्धन पूजा पर्व पर पशु अस्पतालों की दशा सुधारने और पशु चिकित्सा से जुड़े डॉक्टरों एवं सम्पूर्ण स्टॉफ के प्रति मानव चिकित्सा जैसा व्यवहार करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर एमबीपीजी के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. संतोष मिश्र ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

उन्होंने कहा कि नंदी महाराज और पशुपतिनाथ की पूजा की परम्परा वाले देश में पशुचिकित्सा के प्रति उपेक्षा का भाव उचित प्रतीत नहीं होता। हमारे सभी देवी देवताओं के वाहन पशु, पक्षी ही हैं। आधुनिकीकरण और तकनीक के विस्तार के बावजूद पशुधन हमारी अर्थव्यवस्था और हमारे जीवन का आधार हैं। ऐसे में उनकी उपेक्षा से नकारात्मक दूरगामी परिणाम होंगे।

**मांग**
- कहा पशुधन हमारी अर्थव्यवस्था और हमारे जीवन का आधार हैं
- बदहाल पशु अस्पतालों का सुधारीकरण किया जाय

ज्ञापन में कहा कि बदहाल पशु अस्पतालों का स्वास्थ्य सुधारीकरण किया जाय। पशु चिकित्सालयों की आधारभूत व्यवस्थाओं को दुरुस्त करते हुए चिकित्सा अधिकारी से लेकर निचले स्तर के कर्मचारी तक के खाली पदों को समय पर भरा जाय। आम जनमानस हो या शासन व्यवस्था पशुधन से जुड़े चिकित्सकों से लेकर उनकी देखभाल करने वाले कर्मचारियों के प्रति मानव चिकित्सा जैसा आदर और व्यवहार किया जाय।

पशु क्रूरता निवारण समितियों को सशक्त बनाते हुए उन्हें सक्रिय और तत्पर किया जाय। प्रदूषण से बचने के लिए प्रत्येक नगर पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम में पशुओं के दाह संस्कार हेतु विद्युत शवदाह गृहों का निर्माण किया जाय।

घास, पत्ती और हरा चारा बेचने वाले मेहनतकश लोगों, किसानों, दुकानदारों को न्यूनतम किराये पर दुकान उपलब्ध कराई जाय। धार्मिक और सामाजिक संगठनों के माध्यम से गौ सेवा केंद्रों को समुचित चारा, चिकित्सा की व्यवस्था हेतु आम जनता को दान करने के लिए प्रेरित किया जाय। स्वयंसेवी संस्थाएं और सामाजिक संगठन समय समय पर पशुचिकित्सा और पशु सेवा संबंधी उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करते हुए उनका नागरिक अभिनन्दन करें।

## चोरों ने बंद मकान को खंगाला, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी कैमरे

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

31 अक्टूबर दीपावली की रात चोरों ने बंद मकान के ताले तोड़ कर घर में रखी नगदी और जेवरात समेत अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। घर में चोरी की सूचना मिलने पर मकान स्वामी घर पहुंच गए।

सूचना पर पुलिस ने परिजनों से जानकारी ली। बताया जा रहा है कि चौकी रम्पुरा क्षेत्र खेड़ा कालोनी निवासी एक परिवार दीपावली का त्योहार घर बनाने 31 अक्टूबर की शाम को चले गए। अगले दिन पडौसी ने मकान का दरवाजा खुला देखा। घर के अंदर भी कोई नजर नहीं आया। पडौसी ने ही मकान मालिक को सूचना दी। सूचना पर वह घर पहुंचे। मकान स्वामी के मुताबिक चोर घर से नगदी के अलावा जेवरात सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। सूचना पर चौकी रम्पुरा से पुलिस ने मौके पर पहुंच परिजनों से जानकारी ली ? चोरी कई लाख की बताई जा रही है। इधर पुलिस ने चोरों तक पहुंचने को आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। फिलहाल पुलिस को खास सफलता नहीं मिली। इधर इस संबंध में कोतवाल मनोज रतूड़ी से जानकारी चाही तो उनका मोबाइल रिसीव नहीं हुआ। एसएसआई ललित मोहन रावल वीआईपी ड्यूटी पर गए।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## चुनौती का सामना

*उत्तर प्रदेश में दस सीटों पर उपचुनाव होना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपचुनाव को पूरी विधानसभा के चुनाव से कम नहीं मान रहे हैं। उत्तराखंड में सिर्फ एक विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव है। भाजपा के लिए यह प्रतिष्ठा सूचक है, क्योंकि राज्य में दो विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव में भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा। इसके बाद कांग्रेस ने राज्य सरकार पर हावी होना शुरू कर दिया। केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के बाद राज्य में निकाय चुनाव होने हैं। भाजपा के लिए निकाय चुनाव अग्निपरीक्षा से कम नहीं होंगे।*

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सीटें कम होने के बाद विपक्ष उत्साहित है। दो राज्यों में विधानसभा चुनाव और कई राज्यों में उपचुनाव की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। विपक्ष टक्कर देने के लिए तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है। हालांकि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी विपक्ष ने प्रयास किया था, लेकिन खोखले वायदे करने के कारण मतदाता ने भाजपा को तीसरी बार सत्ता सौंप दी। महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव जीतकर सरकार बनाने का दावा विपक्ष कर रहा है। विपक्षी गठबंधन के घटक दलों में तालमेल का अभाव है। भाजपा और उसके सहयोगी दल एकजुट हैं और चुनाव को चुनौती के रूप से स्वीकार कर रहे हैं। महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा के चुनाव पर गंभीर रुख के साथ उपचुनाव की एक-एक सीट पर हर दृष्टिकोण से समीकरण हल किये गये हैं। उत्तर प्रदेश में दस सीटों पर उपचुनाव होना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपचुनाव को पूरी विधानसभा के चुनाव से कम नहीं मान रहे हैं। उत्तराखंड में सिर्फ एक विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव है। भाजपा के लिए यह प्रतिष्ठा सूचक है, क्योंकि राज्य में दो विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव में भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा। इसके बाद कांग्रेस ने राज्य सरकार पर हावी होना शुरू कर दिया। केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के बाद राज्य में निकाय चुनाव होने हैं। भाजपा के लिए निकाय चुनाव अग्निपरीक्षा से कम नहीं होंगे। परिसीमन के बाद कई निकाय क्षेत्रों की सीमा का विस्तार हुआ है। निकाय के नये वार्डों में जन सुविधाएं चुनावी मुद्दा बनाने के लिए विपक्ष पूरा जोर लगायेगा। उत्तराखंड में विपक्ष का कोई गठबंधन नहीं है। अकेली कांग्रेस ही भाजपा को सीधी टक्कर देती रही है। निकाय चुनाव में निर्दलीय पूरे दमखम से चुनाव मैदान में उतरते हैं और राष्ट्रीय पार्टी के उम्मीदवार को कई क्षेत्रों में पराजित कर देते हैं। निकाय चुनाव में निर्वाचन क्षेत्र छोटा होने से उम्मीदवार की व्यक्तिगत छवि तथा जमीनी स्तर पर किये गये कार्य अहम होते हैं। महानगर निगमों में पूर्व मेयर को पुनः टिकट देने या नया उम्मीदवार उतारने पर मंथन शुरू हो चुका है। त्यौहारों पर बधाई के फ्लैक्सी के जरिये मेयर टिकट के दावेदारों ने ताल ठोक दी है। पार्टी संगठन के पदाधिकारियों ने जायजा लेना शुरू कर दिया है। वार्डों में पार्टी के चुनाव चिह्न पर ही प्रत्याशी मैदान में उतरते हैं। टिकट के लिए दावेदारों की लम्बी कतार है। दावेदारों में जिन्हें टिकट नहीं मिलता है, वह बागी प्रत्याशी के तौर पर अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार का खेल बिगाड़ देते हैं। भाजपा को विपक्ष के साथ बागी उम्मीदवारों से भी निपटना होगा।

# सीएम धामी ने भूतपूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीपावली मिलन कार्यक्रम के तहत एनएचपीसी गेस्ट हाउस बनबसा में आयोजित एक कार्यक्रम के तहत भूतपूर्व सैनिकों को किया सम्मानित, उन्हें दीपावली की दी बधाई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि एक सैनिक अपने सेना व अर्धसैन्य बल में अपनी सेवाकाल के दौरान देश की रक्षा का कार्य करता है, जब वह अपनी इस सेवा से सेवानिवृत्त हो जाता है, उसके उपरांत वह समाज की सेवा में जुट जाता है। इसलिए कोई भी सैनिक भूतपूर्व सैनिक नहीं होता है वह हमेशा ही देश की सेवा में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने वाला वीर सैनिक होता है। जब वह सरहदों पर सेना के सुरक्षा कवच के रूप में तैनात होता है, तब वह देश की सुरक्षा कर रहा होता है और जब वह सेवानिवृत्त होकर घर आता है फिर सामाजिक सेवा करने लग जाता है।




इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पार्टी में सैनिक कल्याण विभाग की भूमि पर सैन्य बहुउद्देश्यीय केन्द्र के लिए डीपीआर तैयार कर स्वीकृति प्रदान करने, चंपावत में एनसीसी की कंपनी शीघ्र खोलने, चंपावत जिला मुख्यालय में ईसीएचएस खोले जाने हेतु भूमि का चयन कर जिलाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने की भी बात कही।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल महरा, प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, भूतपूर्व सैनिक संगठन के जिलाध्यक्ष के भानी चंद, जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति भारत के साथ ही भारतीय सेना में तैनात नेपाल के पूर्व सैनिक आदि उपस्थिति थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सैनिक पुष्कर कापड़ी द्वारा किया गया।

अपने बनबसा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बनबसा बाजार में पैदल भ्रमण कर स्थानीय जनता व व्यापारियों से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की बधाई व शुभकामनाएं दी, उन्होंने सभी के दीर्घायु, सुख एवं शांति की कामना की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जाकर उनको दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान स्थानीय जनता द्वारा मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत करते हुए उन्हें दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## श्री खाटू श्याम मंदिर मुखानी में अन्नकूट भंडारे का आयोजन



**हल्द्वानी।** श्री खाटू श्याम मंदिर तल्ली बमौरी मुखानी में गोवर्धन पूजा का आयोजन और अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। प्रातः श्री खाटू श्याम जी का श्रंगार किया गया और पूजा अर्चना की गयी। हजारों श्याम भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के मुख्य पुजारी पँडित पुष्कर दत्त शास्त्री, पँडित ललित मोहन पांडेय, पँडित पूरन चंद्र पांडेय द्वारा पूजा संपन्न की गयी। यजमान साकेत अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, आदेश अग्रवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, मदन मोहन अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, विजय प्रकाश अग्रवाल, चंदन सिंह अधिकारी ने पूजा की। सांसद व पूर्व रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट, सिद्धांत अग्रवाल, भवानी शंकर नीरज,रामलीला कमेटी मुखानी अध्यक्ष मनीष कपिल, कमल जोशी, गीता जोशी, मनीष साह, तारु तिवारी आदि ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

## दीपावली मिलनः दुनिया की कोई भी शक्ति भारत के सामने टिक नहीं सकती-मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

दीपावली मिलन कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री ने भूतपूर्व सैनिकों व अन्य को सम्बोधित करते हुए कहा कि दीपावली के शुभ अवसर पर आज उन सबके बीच में आकर में बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। जिन्होंने सेना में रहकर लगातार देश की सीमाओं की रक्षा कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है, जो आज भी उसी प्रकार समाज के हित के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं भी सेना के परिवार से हूँ। सेना के साथ ही रहकर पला बड़ा हूं वहीं के संस्कार मुझे मिले हैं। पूर्व सैनिकों के साथ जाकर उनकी सेवा करने का अवसर मुझे जो प्राप्त हुआ है मैं उसके लिए अपने आप को भाग्यशाली मानता हूं।



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भारत की सेना का इतिहास एक गौरवशाली इतिहास रहा है। देश की आजादी के बाद हमारी सेना ने जितने भी युद्ध लड़े हैं उसमें अपना अदम्य साहस हमारे वीर सैनिकों ने दिखाया है। कारगिल युद्ध में हमारे वीर सैनिकों ने अदम्य साहस दिखाकर भारतीय सेना ने पुरे विश्व को एक वीर सेना के रूप में प्रस्तुत किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिकों तथा उनके परिजनों की अनेक प्रकार की समस्या होती है। सरकार समस्या के निदान हेतु तत्परता से कार्य कर रही है। हमारी सेना में देश भक्ति का जज्बा दिखता है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा वन रैंक वन पेंशन जैसे निर्णय लेकर सैनिकों के मनोबल को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि भारत की सेना गोली के बदले गोला फेंककर दुश्मनों को खत्म करती है।

आज दुनिया की कोई भी शक्ति भारत के सामने टिक नहीं सकती। आज भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर की ओर आगे बढ़ा है, हर क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर हैं डिजिटल पेमेंट करके विश्व में पहला स्थान भारत का है।

# फिल्मी दुनिया

## संडे से ही गिरनी शुरू हो गई सिंघम अगेन की कमाई



*सिंघम अगेन ने पहले सप्ताहांत में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। पठान-जवान तो दूर, यह फिल्म स्त्री 2 के तीन दिन के कलेक्शन से भी काफी पीछे है। आइए जानते हैं कि इस फिल्म ने अब तक कितने करोड़ की कमाई की है। सिंघम अगेन को बड़े परदे पर भूल भुलैया 3 से कड़ी टक्कर मिल रही है। बड़े सितारों से सजी रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल दिखाती नजर नहीं आ रही है। फिल्म को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही थी, लेकिन रिलीज के बाद यह फिल्म दर्शकों के उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी है। फिल्म में अजय देवगन के साथ रणवीर सिंह, करीना कपूर खान, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ जैसे सितारे नजर आए हैं। इसके बावजूद भी यह फिल्म बंपर ओपनिंग लेने में नाकाम साबित हुई। पहले दिन इस फिल्म ने महज 43.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया। धीमी शुरुआत की वजह से फिल्म पर संकट के बादल गहराने लगे हैं। सिंघम अगेन को दूसरे दिन तगड़ा झटका लगा। जहां, भूल भुलैया 3 ने दूसरे दिन कमाई में उछाल दर्ज की। वहीं, सिंघम अगेन की कमाई में शनिवार को गिरावट दर्ज की गई। फिल्म की कमाई का ग्राफ नीचे आना इसके निर्माताओं के लिए खतरे की घंटी जैसी है।*

### तीसरे दिन स्त्री 2 से भी पीछे रही सिंघम अगेन

*सिंघम अगेन की तुलना इस साल की बॉलीवुड की सबसे बड़ी हिट फिल्म स्त्री 2 करें तो यह अमर कौशिक के निर्देशन में बनी फिल्म से काफी पीछे नजर आती है। स्त्री 2 ने पहले तीन दिन (पेड प्रीव्यू को मिलाकर) में 135.5 करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं, सिंघम अगेन की बात करें तो शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने तीसरे दिन 28.92 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 114.92 करोड़ रुपये हो गई है।*

## शहर में लावारिस जानवरों आतंक, हादसे में नलकूप विभाग के मिस्त्री की मौत

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

**घटना**

- नगर निगम के जानवरों को पकड़कर गौशाला भेजने के दावे फेल

नगर में लावारिस जानवरों आतंक बरकरार है जहां नगर निगम छुट्टा जानवरों को पकड़ कर गोशाला भेजने का दावा कर रहा है वही यह दावा खोखला साबित हो रहा है दीपावली की रात, नलकूप विभाग के मिस्त्री सुख सागर (34) की एक दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सुख सागर अपने रिश्तेदार को खाना देकर लौट रहा था, तभी अंधेरे में अचानक उसके स्कूटर के सामने एक छुट्टा सांड आ गया। घटना गुरुवार रात करीब साढ़े 9 बजे मोटा हल्दू क्षेत्र में हुई। जोरदार टक्कर के बाद सुख सागर को गंभीर चोटें आईं, बावजूद इसके कि उसने हेलमेट पहना हुआ था। उसे तत्काल डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुख सागर नलकूप विभाग में मिस्त्री के पद पर कार्यरत था और विभाग के सरकारी क्वाटर में रहता था। सुख सागर के दोस्त चंद्र शेखर पंत ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार के पास खाना देने गया था। उन्होंने बताया कि लावारिस जानवरों के कारण यह पहली बार नहीं हुआ है; कई बार इस समस्या के बारे में प्रशासन को शिकायतें की गई हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इस घटना ने एक बार फिर लावारिस जानवरों की समस्या पर सवाल उठाए हैं, और स्थानीय निवासियों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है पुलिस द्वद्व उसके शव का पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है।

## News कॉर्नर

### खाई में गिरी कार, एक की मौत और चार घायल

अल्मोड़ा। रानीखेत-सोमेश्वर मोटर मार्ग पर शुक्रवार देर रात एक कार खाई में गिर गई। हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। रानीखेत-सोमेश्वर मोटर मार्ग पर शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसा हुआ। हादसे में कोटद्वार और देहरादून के तीर्थयात्रियों की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में क्रांति नेगी (36) की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। घटना शुक्रवार देर रात सिलारी क्षेत्र के पास हुई। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि कार 50 मीटर गहरी खाई में गिर गई और दो पेड़ों के बीच फंस गई। पुलिस ने फंसे देहरादून निवासी नील निपुन रावत पुत्र नीलम सिंह रावत, नीलम सिंह रावत पुत्र फतेह सिंह रावत, नीतू रावत पत्नी नीलम सिंह रावत और कोटद्वार निवासी अनिल सिंह नेगी पुत्र किशन सिंह नेगी, क्रांति नेगी पुत्री किशन सिंह नेगी को बाहर निकाला। उपचार के लिए सभी को उप जिला चिकित्सालय रानीखेत लाया गया।

# आपरेशन स्माइल: मायूस चेहरों को मुस्कान देती रुद्रपुर पुलिस

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में गुमशुदा बच्चों, महिलाओं, पुरुषों की तलाश एवं पुनर्वास के लिए चलाया जा रहा आपरेशन स्माइल अभियान के तहत एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट टीम ने दो नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। बच्चे मिलने पर परिजनों के चेहरों पर मुस्कान आ गई।

पुलिस के मुताबिक प्रदेश भर में 15 अक्टूबर 2024 से 15 दिसंबर 2024 तक ऑपरेशन स्माइल अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत जनपद में भी एसएसपी के नगर के निर्देशानुसार व एएसपी /क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन रुद्रपुर,नोडल अधिकारी ऑपरेशन स्माइल निहारिका तोमर के दिशा- निर्देशन में ऑपरेशन स्माईल टीम ने कोतवाली रुद्रपुर व थाना ट्रांजिट कैंप में पहुंच गुमशुदा अभियान ऑपरेशन इस्माइल के तहत रजिस्टर का भौतिक सत्यापन किया। साथ ही



गुमशुदा बच्चों के परिवार के साथ मिलकर जानकारी ली । टीम प्रभारी निरीक्षक जीतो कंबोज ने बताया कि थाना ट्रांजिट कैंप में एफआईआर संख्या 121 और मुकदमा अपराध संख्या 263/2024 गुमशुदा वार्ड नंबर 11 संजयनगर ट्रांजिट कैंप निवासी मेरठ अपने माता-पिता से किसी बात को नाराज हो गई। गदरपुर में बुआ के घर चली गई। उन्होंने बताया कि आपरेशन स्माइल टीम ने दोनों बच्चो के मामले में आसपास के लोगो और से जानकारी ली। दोनों नाबालिक लड़कियों को गदरपुर से सकुशल बरामद किया। परिजनों के सुपुर्द कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ऑपरेशन स्माइल टीम ने चाइल्ड हेल्पलाइन व उक्त विवेचक को सुपुर्द किया। दोनों बच्चो के परिवार ने आपरेशन स्माइल टीम का आभार व्यक्त किया और बताया कि मैं पुलिस की कार्यवाई से संतुष्ट हूं। टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा एएसआई अमित कुमार,हेड कांस्टेबल सुभाष चंद्र, राकेश खेतवाल,महिला कांस्टेबल ममता मेहरा आदि शामिल रहे।

# थाना गदरपुर पुलिस ने लाखों कीमती 18 मोबाइल बरामद कर स्वामियों के सुपुर्द किए

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एसएसपी के निर्देश पर जनपद के सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में गुम होने वाले मोबाईल फोन बरामद करने के निर्देश दिये गये थे। एसएसपी के आदेश के अनुपालन में थाना गदरपुर पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुऐ मोबाईल फोन का डाटा पोर्टल में अपलोड कर सीईआईआर पोर्टल पर निगरानी रखते हुए विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन 18 मोबाईल फोन कीमत लगभग 2 लाख ,65 हजार रुपए बरामद किए। थानाध्यक्ष के मुताबिक विगत 2 माह में बरामद कर मोबाईल फोन के स्वामियों,आवेदकों को सुपुर्द कर दिए। मोबाइल मालिकों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना की। थानाध्यक्ष ने बताया कि इसके अतिरिक्त पूर्व में 51 मोबाईल फोन बरामद कर आवेदको के सुपुर्द किये जा चुके है। टीम में थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान, महिला कांस्टेबल जानकी बुड़लाकोटी, महिला कांस्टेबल ललिता कोरंगा, होमगार्ड गिरीश कुमार आदि शामिल रहे।

**सराहना**

- बरामद 2.65 लाख कीमती है,
- इससे पूर्व में 51 मोबाईल फोन बरामद कर आवेदको के सुपुर्द किये जा चुके हैं













